# कार्यालय, हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण, हरिद्वार।

2041/1/7/2021-22

पत्रांक 2688/ महायोजना–~~2041 / 2024–25~~ दिनांक 13 / 08 / 2025

**विषयः–** **सूचना प्रकाशन के सम्बन्ध में।**

सेवा में,

**विज्ञापन व्यवस्थापक,**
अमर उजाला / दैनिक हिन्दुस्तान
दैनिक राष्ट्रीय सहारा
हरिद्वार।

महोदय,

कृपया संलग्न सूचना प्रारूप इस आशय से संलग्न कर प्रेषित है कि इसे अपने समाचार पत्र के हरिद्वार संस्करण में 8 गुणा 8 सेमी0 / कॉलम में दिनांक 14.08.2025 के अंक में प्रकाशित कराते हुए प्रकाशन तिथि में समाचार पत्र की 01 प्रति तथा बिल भुगतान हेतु 02 प्रतियों में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

**संलग्नकः उपरोक्तानुसार।**

सचिव
हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण,
हरिद्वार।

**प्रतिलिपिः–**

1. उपाध्यक्ष महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. वरिष्ठ नियोजक, ग्राम एवं नगर नियोजन विभाग, उत्तराखण्ड, देहरादून को अधिसूचना प्रारूप की प्रति आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. श्री बृजेश कुमार उपाध्याय, सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर को इस आशय से कि संलग्न सूचना को वेबसाइट के माध्यम से अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

13/08/25

सचिव

# कार्यालय, हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण, हरिद्वार

पत्रांक 2688/महायोजना–2041/117/2021–22 दिनांक 13 अगस्त, 2025

हरिद्वार महायोजना–2041 (प्रारूप) तथा रूड़की महायोजना–2041 (प्रारूप) पर जनसामान्य/अभिकरणों से आपत्ति/सुझाव का आमंत्रण

## सार्वजनिक सूचना

हरिद्वार महायोजना–2041 (प्रारूप) तथा रूड़की महायोजना–2041 (प्रारूप) पर प्राधिकरण सभा द्वारा अनुमोदन के कम में निम्न स्थलों पर महायोजना प्रदर्शनी आयोजित करते हुए सर्व–साधारण को सूचित किया जाता है कि हरिद्वार महायोजना–2041 (प्रारूप) तथा रूड़की महायोजना–2041 (प्रारूप) पर दिनांक 18.08.2025 से एक माह हेतु जनसामान्य/अभिकरणों से आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किये जाते है।

हरिद्वार प्रदर्शनी स्थलः–

1–कार्यालय, जिलाधिकारी, हरिद्वार।

2–कार्यालय, उप जिलाधिकारी, हरिद्वार।

3–कार्यालय, नगर निगम, हरिद्वार।

4–कार्यालय, हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण, हरिद्वार।

रूड़की प्रदर्शनी स्थलः–

1–कार्यालय, उप जिलाधिकारी, रूड़की।

2–कार्यालय, नगर निगम, रूड़की।

3–कार्यालय, हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण, शाखा–रूड़की, हरिद्वार।

(1) उपरोक्त स्थलों पर प्रस्तावित महायोजना मानचित्र प्रारूप की प्रति अवलोकनार्थ उपलब्ध रहेगी तथा उक्त को प्राधिकरण की वेबसाईट से निःशुल्क डाउनलोड किया जा सकता है।

(2) महायोजना प्रारूप पर आपत्ति/सुझाव दो प्रतियों में दिनांक 18 अगस्त, 2025 से दिनांक–16 सितम्बर, 2025 तक किसी भी कार्यदिवस में प्रदर्शनी स्थलों पर प्राप्त कराया जा सकता है।

(3)नियत अवधि उपरान्त प्राप्त आपत्ति/सुझावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

कार्यालय दूरभाष संख्याः–01334–221558 कार्यालय वेबसाईटः– www.onlinehrda.com

| | |
|---|---|
| (मनीष कुमार सिंह)<br>सचिव | (अंशुल सिंह)<br>उपाध्यक्ष |